# हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 14.12.2018 को सम्पन्न हुयी द्वितीय बैठक का कार्यवृत्तः

बैठक में निम्नोक्त सदस्यगण उपस्थित हुए :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मा0 कुलपति महोदय, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | अध्यक्ष |
| 2. | प्रो0 करूणाकर सिंह, प्रतिकुलपति, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 3. | प्रो0 मनोज कुमार शुक्ला, कुलसचिव, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य |
| 4. | मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, कानपुर नगर<br>प्रतिनिधि– श्री वी0पी0 सिंह, सहा0 अभि0, लोक निर्माण विभाग, कानपुर | सदस्य |
| 5. | निदेशक, उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, नीलगिरी काम्पलेक्स, इंदिरा नगर, लखनऊ<br>प्रतिनिधि– श्री विनीत सिघंल, अ0अ0, उ0प्र0आ0वि0 परिषद, कानपुर | सदस्य |
| 6. | महाप्रबन्धक, उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, कानपुर<br>प्रतिनिधि– श्री आर0एन0 अग्निहोत्री, परियोजना प्रबन्धक, उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर | सदस्य |
| 7. | श्री राजीव ककड़, एसो0 प्रोफेसर, कालेज आफ आर्किटेक्चर, लखनऊ | सदस्य |
| 8. | प्रो0 प्रदीप कुमार, विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | सदस्य सचिव |
| 9. | श्री राजेश सिंह, वित्त नियंत्रक, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |
| 10. | प्रो0 दीपक श्रीवास्तव, समन्वयक रूसा | विशेष आमंत्री |
| 11. | प्रो0 सुनील कुमार, अध्यक्ष, अनुरक्षण अनुभाग, एच0बी0टी0यू0, कानपुर | विशेष आमंत्री |

**2.01 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 17.03.2018 को सम्पन्न हुयी प्रथम बैठक के कार्यवृत्त का पुष्टीकरण।**

संस्थान की भवन निर्माण समिति की दिनांक 17.03.2018 को सम्पन्न हुयी प्रथम बैठक के कार्यवृत्त को समिति ने अवलोकनोपरान्त पुष्टीकरण किया।

**2.02 हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर की भवन निर्माण समिति की दिनांक 17.03.2018 को सम्पन्न हुयी प्रथम बैठक में लिये गये निर्णयों पर की गयी कार्यवाही का विवरण।**

विश्वविद्यालय द्वारा भवन निर्माण समिति की प्रथम बैठक में लिए गये निर्णयों पर अनुरक्षण अनुभाग द्वारा कृत कार्यवाही को संज्ञान में लेते हुये निम्नोक्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये गये:

| मद सं0 | विषय | कार्यवाही का विवरण | भवन निर्माण समिति द्वारा अपेक्षित कार्यवाही |
|---|---|---|---|
| 1.03.1 | विश्वविद्यालय में केमिकल इंजी0 भवन का निर्माण कार्य | निर्माण इकाई उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा उक्त कार्य कराया जा रहा है। लगभग 40 प्रतिशत कार्य पूर्ण। | निर्माण कार्य को 31.03.2019 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। |
| 1.03.2.i | 200 सीटेड छात्रा–छात्रावास का निर्माण कार्य | निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0स0 संघ द्वारा भवन के स्ट्रक्चर का निर्माण कार्य पूर्ण करते हुये फिनिशिंग का कार्य प्रगति पर। | निर्माण इकाई के अधिकरियों के बैठक में अनुपस्थित होने एवं भौतिक प्रगति से असंतोष प्रकट करते हुये निर्माण कार्य 31.03.2019 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1.03.2.ii | इन्कुबेशन हब का निर्माण कार्य | निर्माण कार्य पूर्ण, हस्तान्तरण की कार्यवाही प्रगति पर। | 31 दिसम्बर 2018 तक कार्य पूर्ण कराया जाये। |
| 1.03.2.iii | सड़कों का चौड़ीकरण का कार्य | सड़कों के चौड़ीकरण का कार्य अन्तिम चरण में। | भौतिक प्रगति पर असंतोष प्रकट करते हुये निर्माण कार्य 31.03.2019 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। |
| 1.03.2.iv | छात्रा–छात्रावास में स्पोर्ट काम्पलेक्स का निर्माण | निर्माण कार्य पूर्ण एवं विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित। | छात्रा–छात्रावास–4 में निर्मित टेनिस कोर्ट की एप्रन न बनाये जाने पर रोष प्रकट करते हुये संदर्भित कार्य को 15.01.2019 तक पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। |
| 1.03.2.v | वाहन पार्किंग का निर्माण कार्य | निर्माण कार्य पूर्ण एवं विश्वविद्यालय को हस्तान्तरित। | कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 1.03.3 | विश्वविद्यालय में पं0 दीनदयाल उपाध्याय क्वालिटी इम्प्रूवमेंट प्रोग्राम के अन्तर्गत प्राप्त बहुउद्देशीय भवन/हाल के आगणन पर विचार | बिन्दु संख्या 2.03(iii) पर पुनः प्रस्तुत। | – |
| 1.03.4 | विश्वविद्यालय के मा0 कुलपति महोदय हेतु एक आवास के निर्माण के आगणन पर विचार | धन आवंटन उपरान्त निर्माण कार्य कराया जाना प्रस्तावित। | समिति ने कुलपति आवास हेतु शासन के निर्देशानुसार सक्षम सतर (Executive Council) से अनुमोदनोपरान्त प्रकरण को पुनः शासन को संदर्भित करने का निर्देश दिया गया। |
| 1.03.5 | विश्वविद्यालय के अतिथि गृह के मरम्मत का कार्य | मरम्मत का कार्य पूर्ण | कृत कार्यवाही का संज्ञान लिया। |
| 1.03.6.i | एस–4 टाइप के आवासों के घ्वस्तीकरण के सम्बन्ध में | बिन्दु संख्या 2.05 पर प्रस्तुत। | – |

**2.03** <u>विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन निर्माण कार्यों पर विचार।</u>

**2.03(i) इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 भवन की स्वीकृत धनराशि में परिर्वतन के कारण भवन के परिवर्तित मानचित्र एवं आगणन पर विचारः–**

समिति ने राष्ट्रीय शिक्षा अभियान (रूसा) में स्वीकृत धनराशि के अन्तर्गत उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद द्वारा प्रस्तुत भवन के संशोधित मानचित्र एवं आगणन रू0 1264.88 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया। समिति ने कार्य की गति तीव्र करते हुये 31 जनवरी 2019 तक निर्गत धनराशि के सापेक्ष 75 प्रतिशत धनराशि व्यय करते हुये द्वितीय किस्त की मांग किये जाने के निर्देश दिये गये।

**2.03(ii) राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों के आगणन एवं मानचित्र पर विचारः–**

समिति द्वारा उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, इकाई–04, कानपुर से प्राप्त भवनों एवं छात्रावासों के निर्माण एवं अनुरक्षण संबन्धी निम्नोक्त आगणनों तथा बिन्दु सं0 2(अ), 2(ब) एवं 2(स) मानचित्रों पर विश्वविद्यालय की आन्तरिक समिति की संस्तुति उपरान्त अनुमोदन प्रदान किया। समिति द्वारा यह

भी निर्देशित किया गया कि समस्त छात्रावासों के आगणनों की कुल धनराशि रू0 611.10 लाख को रूसा में स्वीकृत धनराशि रू0 550.00 लाख की सीमान्तर्गत रखा जाये।

| क्र0सं0 | कार्य का नाम | कुल लागत (रू0 लाख में) | निर्गत धनराशि (रू0 लाख में) | निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0नि0लि0 द्वारा छात्रावासों के रिनोवेशन हेतु प्रस्तुत आगणन (रू0 लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | इलेक्ट्रानिक्स इंजी0 भवन का निर्माण कार्य (उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद, निर्माण खण्ड–20, कानपुर) | 1264.88 | 650.00 | धीमी प्रगति पर असंतोष व्यक्त किया गया तथा प्रत्येक दशा में 31 जनवरी, 2019 तक यू0सी0 भेजें। |
| 2 | अ. लेक्चर हाल काम्पलेक्स का निर्माण<br>ब. आडिटोरियम का निर्माण<br>स. इन्क्यूबेशन हब भवन का निर्माण<br>द. पुरानी लाइब्रेरी का रिनोवेशन<br>य. हास्टल रिनोवेशन<br>र. शैक्षिक भवनों का रिनोवेशन<br>ल. नये पुस्तकालय में वातानुकूलन<br>व. संस्थान के पश्चिमी प्रांगण में सबस्टेशन का निर्माण<br>(उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0, यूनिट–4, कानपुर) | 474.33<br>316.22<br>474.33<br>28.00<br>550.00<br>125.00<br>200.00<br>400.00 | 237.16<br>158.11<br>237.16<br>28.00<br>495.00<br>106.25<br>78.32<br>00.00 | एल0वी0 न्यू – 88.84<br>जी0एच0 4 – 99.89<br>जी0एच0 3 – 57.47<br>जी0एच0 2 – 42.59<br>डब्लू0सी0एच0 1 – 88.69<br>डब्लू0सी0एच0 3 – 93.46<br>डी0बी0आर0ए0 1 – 60.06<br>डी0बी0आर0ए0 2 – 59.87<br>छात्रावास बाउन्ड्रीवाल – 20.23 |
| | | **3832.76** | **1990.00** | **611.10** |

**2.03(iii) विश्वविद्यालय में पं0 दीनदयाल उपाध्याय क्वालिटी इम्प्रूवमेंट कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रस्तावित बहुउद्देशीय भवन/हाल के आगणन एवं मानचित्र पर विचारः–**

समिति द्वारा प्रस्तावित कार्य के प्रारंभिक आगणन रू0 917.63 लाख एवं भवन के मानचित्र पर अनुमोदन इस शर्त के साथ प्रदान किया गया कि विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति एवं निर्माण इकाई के साथ दिनांक 11.12.2018 में सम्पन्न बैठक के कार्यवृत्त के अनुसार आगणन के कतिपय आइटमों के रेट निर्धारित कियें जायें। समिति ने निर्माण इकाई द्वारा वांछित अग्रिम धनराशि रू0 25.00 लाख दिये जाने की संस्तुति करते हुये निर्माण कार्य 30 दिसम्बर, 2018 से प्रारम्भ करने के निर्देश दिये।

**2.03(iv) विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में 400 क्षमता के छात्र–छात्रावास के पुनरीक्षित आगणन पर विचारः–**

विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में निर्माणाधीन 400 क्षमता के छात्र–छात्रावास के निर्माण कार्य हेतु निर्माण इकाई द्वारा प्रस्तुत पुनरीक्षित आगणन पर विचार करते हुये प्रश्नगत कार्य रू0 175.00 लाख (जी0एस0टी0 एवं सेन्टेज चार्ज सहित) की सीमा के अन्तर्गत कार्य पूर्ण कराये जाने हेतु निर्माण इकाई को अन्तिम रूप से आगणन प्रस्तुत किये जाने हेतु समिति द्वारा निर्देशित किया गया। निर्माण इकाई द्वारा प्रस्तुत किये जाने वाले आगणन पर अन्तिम निर्णय हेतु समिति ने मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**2.03(v) विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण में निर्माणाधीन 200 छात्र क्षमता के छात्रा–छात्रावास के फर्नीचर एवं मेस ब्लाक के निर्माण के आगणन पर विचारः–**

समिति द्वारा 200 छात्र क्षमता के छात्रा–छात्रावास के निर्माण कार्य हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0स0 संघ (पूर्ववर्ती पैकफेड) द्वारा प्रस्तुत आगणन पर विचार करते हुये निर्माण इकाई के

पूर्ववर्ती कार्यों में शिथिलता के दृष्टिगत् छात्रावास में केवल मेस ब्लाक के निर्माण हेतु आगणन प्रस्तुत करने हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, इकाई–04, कानपुर को निर्देशित किया गया। निर्माण निगम द्वारा प्रस्तुत आगणन पर अन्तिम निर्णय हेतु समिति ने मा0 कुलपति महोदय को अधिकृत किया।

**2.04 विश्वविद्यालय में प्रस्तावित निम्नलिखित नवीन निर्माण कार्यों के आगणनों/भवनों के अनुरक्षण/सडकों के स्ट्रेन्गथनिंग के कार्यों पर विचारः–**

**2.04(i) विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण स्थित मुख्य भवन के उत्तरी द्वार को खोले जाने हेतु (Operational) आवश्यक निर्माण/अनुरक्षण कार्यः–**

समिति ने विश्वविद्यालय के पूर्वी प्रांगण स्थित मुख्य भवन का उत्तरी द्वार खोले जाने हेतु उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, इकाई–04, कानपुर से प्राप्त आगणन पर आन्तरिक समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त संस्तुति धनराशि रू0 25.48 लाख पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2.04(ii) विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में ए0आई0टी0एच0 के पास गार्ड रूम एवं सडक के किनारे इन्टरलाकिंग टाइल्स लगाने का कार्यः–**

उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद के आगणन को आन्तरिक समिति के परीक्षण एवं संशोधनोपरान्त आगामी भवन समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किये जाने हेतु समिति द्वारा निर्देशित किया गया।

**2.04(iii) विश्वविद्यालय के शैक्षिक विभाग, स्थापना विभाग एवं लेखा विभाग के कक्षों में रिनोवेशन सम्बन्धी कार्यः–**

समिति ने निर्माण इकाई उ0प्र0 राजकीय निर्माण निगम लि0 से सम्पूर्ण विश्वविद्यालय के अतिआवश्यक कक्षों, लैबों, विभागों एवं अनुभागों के रिनोवेशन हेतु विस्तृत प्रस्ताव प्राप्त कर आन्तरिक समिति के परीक्षणोपरान्त आगामी भवन समिति में रखे जाने हेतु निर्देशित किया।

**2.04(iv) विश्वविद्यालय में जगह–जगह क्षतिग्रस्त बाउण्ड्रीवाल के निर्माण के आगणन पर विचारः–**

समिति द्वारा विश्वविद्यालय के अतिआवश्यक स्थलों पर कुल 2875.00 मी0 लम्बी बाउन्ड्रीवाल निर्माण हेतु उ0प्र0 आवास एवं विकास परिषद से प्राप्त आगणन पर आन्तरिक समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त संस्तुति धनराशि रू0 649.95 लाख पर अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2.04(v) विश्वविद्यालय के पश्चिमी प्रांगण में एक नग नया नलकूप निर्माण, शिरोपरि जलाशयों को ठीक कराते हुये मुख्य पेयजल आपूर्ति लाइन में संयोजन किये जाने के सम्बन्ध में:–**

समिति द्वारा पेयजल समस्याओं से निदान हेतु एक नये नलकूप के निर्माण, शिरोपरि जलाशयों के अनुरक्षण कार्यों को करते हुये नलकूप को शिरोपरि जलाशय से संयोजन किये जाने हेतु उ0प्र0 जल निगम द्वारा प्रस्तुत आगणन पर आन्तरिक समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त संस्तुति धनराशि रू0 154.94 लाख पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2.04(vi) विश्वविद्यालय के नवीन कम्प्यूटर सेन्टर के निर्माण पर विचारः–**

समिति द्वारा कम्प्यूटर सेन्टर एवं नवीन लेक्चर हाल काम्पलेक्स के निर्माण कार्य हेतु उ0प्र0रा0नि0नि0लि0 से बहुमंजलीय भवन के रूप में एकीकृत आगणन एवं मानचित्र को प्राप्त कर

आन्तरिक समिति से परीक्षणोपरान्त भवन निर्माण समिति की आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**2.04(vii) विश्वविद्यालय में नये लेक्चर हाल काम्पलेक्स के निर्माण प्रस्ताव पर विचारः–**

समिति द्वारा कम्प्यूटर सेन्टर एवं नवीन लेक्चर हाल काम्पलेक्स के निर्माण कार्य हेतु उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर से बहुमंजलीय भवन के रूप में एकीकृत आगणन एवं मानचित्र को प्राप्त कर आन्तरिक समिति से परीक्षणोपरान्त भवन निर्माण समिति के आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**2.04(viii) विश्वविद्यालय में प्रस्तावित प्रशासनिक भवन के निर्माण प्रस्ताव पर विचारः–**

समिति द्वारा उपरोक्त कार्य हेतु भी बहुमंजलीय भवन के रूप में उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर से मानचित्र एवं आगणन प्राप्त कर आन्तरिक समिति से परीक्षणोपरान्त भवन निर्माण समिति आगामी बैठक में प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया गया।

**2.05 विश्वविद्यालय के अति प्राचीन एवं निष्प्रयोज्य भवनों के निस्तारण पर विचारः–**

समिति के द्वारा विश्वविद्यालय स्तर पर गठित समिति के कार्यवृत्त के अनुसार चिन्हित समस्त अति प्राचीन एवं निष्प्रयोज्य भवनों के निस्तारण पर सहमति प्रदान करते हुये प्रकरण को शासन के नियमानुसार निस्तारित करते हुये अग्रिम कार्यवाही हेतु Executive Council में रखे जाने की संस्तुति की गयी।

**2.06 विश्वविद्यालय में फायर फाइटिंग का कार्य कराये जाने हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर द्वारा प्रस्तुत आगणन पर विचारः–**

अभातशिप द्वारा Extension of Approval हेतु प्रस्तुत विश्वविद्यालय प्रस्ताव पर उक्त की कमीं को Deficiency माना गया है। उक्त Deficiency पर विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही न कर पाने से अभातशिप स्क्रुटनी कमेटी द्वारा छात्र प्रवेश क्षमता में 25 प्रतिशत की कटौती की संस्तुति की जा चुकी है तथा उक्त की अपील अभातशिप के समक्ष सुनवाई हेतु लम्बित है। सुनवाई से पूर्व उक्त कार्य किये जाने की अनिवार्यता है। अतः आन्तरिक समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त विश्वविद्यालय में फायर फाइटिंग का कार्य कराये जाने हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर द्वारा प्रस्तुत आगणन रू0 10.62 लाख पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**2.07 विश्वविद्यालय में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर द्वारा प्रस्तुत आगणन पर विचारः–**

अभातशिप द्वारा Extension of Approval हेतु प्रस्तुत विश्वविद्यालय प्रस्ताव पर उक्त की कमीं को Deficiency माना गया है। उक्त Deficiency पर विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही न कर पाने से अभातशिप स्क्रुटनी कमेटी द्वारा छात्र प्रवेश क्षमता में 25 प्रतिशत की कटौती की संस्तुति की जा चुकी है तथा उक्त की अपील अभातशिप के समक्ष सुनवाई हेतु लम्बित है। सुनवाई से पूर्व उक्त कार्य किये जाने की अनिवार्यता है। अतः आन्तरिक समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त विश्वविद्यालय में सी0सी0टी0वी0 कैमरा लगाये जाने हेतु निर्माण इकाई उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर द्वारा प्रस्तुत आगणन के सापेक्ष रू0 17.24 लाख पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

2.08 **विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों के सेक्शन ड्राइंग, ले–आउट प्लान एवं डिजिटल मैप बनाये जाने हेतु आर्किटेक्ट की सेवायें लिये जाने पर विचारः–**

अभातशिप द्वारा Extension of Approval हेतु प्रस्तुत विश्वविद्यालय प्रस्ताव पर उक्त की कमीं को Deficiency माना गया है। उक्त Deficiency पर विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक कार्यवाही न कर पाने से अभातशिप स्क्रुटनी कमेटी द्वारा छात्र प्रवेश क्षमता में 25 प्रतिशत की कटौती की संस्तुति की जा चुकी है तथा उक्त की अपील अभातशिप के समक्ष सुनवाई हेतु लम्बित है। सुनवाई से पूर्व उक्त कार्य किये जाने की अनिवार्यता है। अतः आन्तरिक समिति द्वारा परीक्षणोपरान्त विश्वविद्यालय के विभिन्न भवनों के सेक्शनल ड्राइंग, ले–आउट प्लान एवं डिजिटल मैप आदि बनाये जाने हेतु को रू0 25.00 लाख की सीमान्तर्गत उ0प्र0रा0नि0नि0लि0, कानपुर के माध्यम से कराये जाने पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया।

**(प्रो0 प्रदीप कुमार)**
विभागाध्यक्ष, सिविल इंजी0 विभाग
एवं सदस्य सचिव, भवन समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर

**(प्रो0 एन0बी0 सिंह)**
कुलपति
एवं अध्यक्ष, भवन समिति
एच0बी0टी0यू0, कानपुर